nandgaon times may-23-2.qxd 5/22/2024 11:59 PM Page 1

किसान ने बोर कराया... पृष्ठ 2 | मतगणना कार्य को सुचारु... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स

गुरूवार, 23 मई 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 220, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए


।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559
नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

## राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटना चाहते हैं कांग्रेस के शहजादे - नरेन्द्र मोदी

**बस्ती।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को बस्ती में भाजपा उम्मीदवार हरीश द्विवेदी के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश में पांच चरण के चुनाव हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि पांच चरण में मोदी सरकार पक्की हो गई है। इंडी अलायंस वालों का बयान देख लीजिए, पूरा इंडी अलायंस ऐसी निराशा की गर्त में डूबा है कि अब उनको यह भी याद नहीं रहता है कि उन्होंने दो दिन पहले क्या बोला था और आज क्या बोल रहे हैं। सपा-कांग्रेस के दोनों शहजादे दिन में सपने देखते हैं। पहले मैं ये बात सुना करता था। 4 जून को यूपी की जनता इनको नींद से जगाने वाली है। तब, ये ठीकरा ईवीएम पर फोड़ेंगे। इंडी गठबंधन की परिवारवादी पार्टियों ने तुष्टीकरण की सारी हदें पार कर दी है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारा देश 500 साल से राम मंदिर की प्रतीक्षा कर रहा था। इंडी गठबंधन को राम मंदिर से परेशानी है। सपा के एक बड़े नेता कहते हैं कि राम मंदिर तो बेकार है। सपा खुलेआम कहती है कि राम मंदिर को चाहने वाले राम भक्त पाखंडी हैं। राम मंदिर अपवित्र है। ये लोग सनातन धर्म के विनाश की बात करते हैं। इन सबकी आका कांग्रेस पार्टी है। कांग्रेस के शहजादे तो राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटना चाहते हैं। यह लोग राम मंदिर पर बाबरी ताला लगाने का सपना देख रहे हैं। ये रामलला को फिर से टेंट में भेजना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इस देश में बहुत लोग हैं, जिन्हें अपने बेटे का जन्मदिन याद नहीं है, अपनी शादी की तारीख याद नहीं है। लेकिन, इस देश के बच्चे-बच्चे को पता है, मैं 22 जनवरी 2024 बोलता हूं और देश बोल पड़ता है 'जय श्री राम'। उस



ऐतिहासिक दिन मैंने कहा था कि राम से राष्ट्र और विरासत से विकास, आध्यात्म से आधुनिकता, आज देश इसी मंत्र पर आगे बढ़ रहा है। मैं पहले भी यहां आ चुका हूं। मैं आपकी तपस्या बेकार नहीं जाने दूंगा। ज्यादा मेहनत करके आपकी तपस्या को विकास के रूप में लौटाऊंगा। आप सभी को अपने वोट से इन्हें करारी चोट करनी है। इस समय कांग्रेस और सपा को अचानक संविधान की याद आ गई। इसी कांग्रेस ने देश में आपातकाल लगाया था। संविधान खत्म करने की भरपूर कोशिश की थी। पार्टी खुद का संविधान नहीं मानती है।

पीएम मोदी ने कहा कि बस्ती में उमड़ा ये हुजूम हमारी सरकार के बीते 10 वर्षों के ट्रैक रिकॉर्ड पर जनता-जनार्दन की मुहर है। उत्तर प्रदेश के परिवारजनों ने हमेशा मुझे और मेरी पार्टी को झोली भरकर आशीर्वाद दिया है। सपा ने यूपी को केवल बदनामी दी थी। हमारी बहन-बेटियों का घर से निकलना मुश्किल था। लोग जमीन खरीदने से डरते थे, जमीन खरीदी तो कोई न कोई कब्जा कर लेता था। गुंडे-माफिया सपा के मेहमान होते थे, दंगाइयों को स्पेशल प्रोटोकॉल मिलता था, आतंकवादियों को जेल से छोड़ने का फरमान जारी होता था। इस चुनाव में ऐसी कोई गलती नहीं करनी है, जिससे इन लोगों का हौसला बढ़े। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पस्त पड़ गया है, लेकिन, उसके हमदर्द सपा-कांग्रेस वाले अब भारत को डराने में जुटे हैं। ये लोग कहते हैं, पाकिस्तान से डरो, उसके पास एटम बम है। क्यों डरे भारत? आज भारत में कांग्रेस की कमजोर सरकार नहीं है, मोदी की मजबूत सरकार है। भारत आज घर में घुसकर मारता है।

## तपस्वियों के सनातन संकल्प का नाम है काम तथा अभिरुचि - पुरी शंकराचार्य

अरविन्द तिवारी की रिपोर्ट

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )** । ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय श्रीगोवर्द्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर एवं हिन्दुओं के सार्वभौम धर्मगुरु तथा हिन्दू राष्ट्र प्रणेता अनन्तश्री विभूषित श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य पूज्यपाद स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वतीजी महाराज सार्थक अर्थ रुप चिद्रूप आत्मा की चर्चा करते हुये संकेत करते हैं कि विद्या, भूमि, सुवर्णादि, पशु, धन - धान्य, बर्तन, ईन्धन, लोहे का सामान, वस्त्र, बिस्तर आदि सुखद सामग्री तथा मित्रादि का अर्जन और अर्जित का वर्द्धन - यह सब अर्थ है द्य जितने भी अर्थ हैं, सब अनर्थ ही हैं। सार्थक अर्थ तो चिद्रूप आत्मा ही है। उस वास्तव अर्थ रूप परम अर्थ का लाभ नहीं हुआ तो अर्थशास्त्र व्यर्थ ही हुआ। नाना मुनियों के द्वारा विरचित नीतिशास्त्र, अश्वशास्त्र, शिल्पशास्त्र, सूपशास्त्र, चतु:षष्टिकला शास्त्रादि - प्रभेद संयुक्त अर्थशास्त्र का प्रयोजन धर्मानुकूल अर्थोपार्जन और सेवन से सुखद जीवन - यापन तथा परम - अर्थ परमात्म साक्षात्कार से भवबन्ध निवारण है। नितिवाक्य मृतार्थ समुदेस्य के अनुसार सर्वविध प्रयोजन साधक सामग्री अर्थ है द्य अर्थशास्त्र का प्रयोजन परमार्थ सिद्धि में



सन्निहित है। जिस शास्त्र में पुरुषों के शश, मृग, अश्व, हस्ती रूप जातिगत भेद से ; अनुकूल, शठ एवं धृष्ट - नायक के भेद से ; स्त्रियों के पद्मिनी, चित्रिणी, शंखिनी तथा हस्तिनी रूप जाति गत भेदसे ; स्वीया, परकीया और सामान्या आदि नायिका भेद से वर्णन हो तथा स्त्री - पुरुषों के अनुराग आदि भेद के लक्षण का विशेष रूप से निरूपण हो, उसे कामशास्त्र कहा जाता है। स्त्री, माला, चन्दनादि अभिमत द्रव्यों के स्पर्श और सुवर्णादि अभीष्ट धन के लाभ से जो प्रसन्नता होती है वह फलात्मक काम है तथा प्रियसङ्गम रूप समुपलब्धि का जो संकल्प होता है, वह अभिव्यञ्जक संस्थान रूप काम है। इसका शरीर दृष्टिगोचर नहीं होता, अत: इसे अनङ्ग कहते हैं। पाँचो ज्ञानेन्द्रियों की तद्वत् पञ्च कर्मेन्द्रियों की तथा मन और बुद्धि को योजन अपने विषयों में प्रवृत्ति होने के समय जो प्रीति होती है , वह काम है। वह सत्कर्मों का उत्तम फल है। मन्त्र औषध आदि पूर्व कर्म निरपेक्ष देवानुग्रह रूप अदृष्ट के द्वार से फलप्रद होते हैं, ऐसा कौलिक मानते हैं। अकृत ही हठात् फलप्रद होता है, ऐसा पूर्व जन्म ना मानने वाले हठवादी चार्वाक मानते हैं। अचिन्तित और अतर्कित की अकस्मात् प्राप्ति हठ है। अभिव्यञ्जक उद्योग के द्वार से अभीष्ट की सिद्धि दैव है। प्रतिग्रहादि वृत्ति अर्थात् कर्म से फलोपलब्धि पौरुष है। पूर्वकर्मानुग्रह स्वभाव है।

जिसके फलस्वरूप कौड़ी खोजते समय मणि की प्राप्ति हो जाती है। प्रयत्न ही फलवान् होता है , ऐसा प्राकृत मानते हैं। हठ, दैव, और कर्मों से मनुष्य जिन - जिन वस्तुओं को प्राप्त करता है , वे सब ईश्वर प्रेरणा से प्राप्त करता है, ऐसा वैदिक मानते हैं। इस प्रकार हठ, दैव, स्वभाव तथा कर्म से मनुष्य जिन - जिन वस्तुओं को पाता है, वे सब उसके पूर्व कर्मों के ही फल हैं। जगदाधार परमेश्वर भी उक्त हठादि हेतुओं से जीवों के पूर्वानुष्ठित कर्मों को ही विभक्त करके तदनुरूप फलरूप से यहाँ प्राप्त कराते हैं। प्राप्ति के कारण का अभाव होने पर भी अप्राप्त विषय की प्राप्ति हो, इस प्रकार की चित्त वृत्ति विशेष का नाम काम है। तपस्वियों के सनातन संकल्प का नाम काम तथा अभिरुचि है।

## ईसी की नसीहत- जाति और धर्म के आधार पर चुनाव प्रचार से बचें बीजेपी - कांग्रेस, भाषणों में बनाए रखें मर्यादा




**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस से जाति, समुदाय, और धर्म के आधार पर प्रचार करने से बचने की नसीहत दी है। निर्वाचन आयोग ने कहा कि चुनावों के दौरान भारत के सामाजिक व सांस्कृतिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचाने की अनुमति नहीं जा सकती। राजस्थान के बांसवाड़ा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विभाजनकारी भाषण को लेकर विपक्ष के आरोप पर भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा को नोटिस जारी करने के करीब एक महीने बाद आयोग ने उनके बचाव को खारिज कर दिया। साथ ही उन्हें (नड्डा) तथा उनकी पार्टी के स्टार प्रचारकों को धार्मिक एवं सांप्रदायिक आधार पर प्रचार नहीं करने को कहा। नड्डा के साथ ही निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को भी ऐसा ही नोटिस जारी किया था और खरगे से उनके और मुख्य विपक्षी दल के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा द्वारा उनकी टिप्पणियों के संबंध में दायर शिकायतों पर जवाब देने के लिए कहा था। आयोग ने उनके बचाव को भी खारिज कर दिया और कांग्रेस से सुरक्षा बलों का राजनीतिकरण नहीं करने और सशस्त्र बलों की सामाजिक-आर्थिक संरचना के बारे में विभाजनकारी बयान नहीं देने को कहा। आयोग ने कांग्रेस से यह सुनिश्चित करने को भी कहा कि उसके स्टार प्रचारक और उम्मीदवार ऐसे बयान न दें जिससे यह गलत धारणा बने कि संविधान को समाप्त किया जा सकता है। निर्वाचन आयोग ने दोनों राष्ट्रीय दलों के अध्यक्षों से कहा कि वे अपने स्टार प्रचारकों को औपचारिक सलाह जारी करें ताकि वे अपने संवाद को सही कर सकें, सावधानी बरतें और शिष्टाचार बनाए रख सकें।

## एनबीआईएस बोरी में नीट , जेईई तथा सीए फाउन्डेशन परीक्षाओं की विशेष तैयारी नि:शुल्क - नीरज बाजपेयी

### 9 वीं तथा 11 वीं में 80प्रतिशत से अधिक अंक पाने पर प्रवेश शुल्क पर 100 प्रतिशत की छूट



**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल , बोरी में उच्च कक्षाओं में विज्ञान संकाय (बायोलाजी, मैथ्स ) तथा वाणिज्य संकाय की कक्षाएं संचालित की जा रही है । जिसमें विषय अनुरूप शहर के श्रेष्ठ शिक्षकों का मार्गदर्शन छात्रों को मिल रहा है। संस्था के संचालक नीरज बाजपेयी ने बताया कि इस वर्ष इन्हीं विषय विशेषज्ञों के द्वारा स्कूल की पढ़ाई के उपरांत अतिरिक्त कक्षाओं के द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे नीट , जेईई एवं सी ए फाउण्डेशन की पढ़ाई भी पालकों के आग्रह पर कराने की विशेष व्यवस्था की जा रही है, जिसमें प्रतियोगी परीक्षाओं की इच्छा रखने वाले सीमित छात्रों की क्लास बनाकर एक्स्ट्रा क्लासेस में नि:शुल्क मार्गदर्शन दिया जायेगा। जिससे बच्चों को दूसरे शहरों में जाकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने से निजात मिलेगी। ग्यारहवीं एवं बारहवीं के छात्रों को जेईई, नीट हेतु मैथ्स विषय के लिए दिलीप चोपड़ा सर (भिलाई) 24 वर्षो का अनुभव, केमेस्ट्री हेतु डॉ. इतेश जंघेल सर (पी.एच.डी.-केमेस्ट्री) 24 वर्षो का अनुभव, स्नेहा जोगी मैम (एमएससी गोल्ड मेडलिस्ट)




9 वर्षो का अनुभव, बायो हेतु - हार्दिक ठक्कर सर (अनअकेडमी एंड आकाश का 3 वर्षो का अनुभव), फिजिक्स हेतु परिवेश जैन सर (एनआईटी) 5 वर्षो का अनुभव, तथा सीए फाउंडेशन परीक्षाओं की भी तैयारी हेतु दीपेश पटेल सर, 26 वर्षो का अनुभव, हितेश रायचा सर, 10 वर्षो का अनुभव, स्नेहा अलप्पा मैम, 18 वर्षो का अनुभव, प्रतीक रहनडाले सर, 10 वर्षो का अनुभव, द्वारा मार्गदर्शन दिया जायेगा। शाला में नये सत्र से कक्षा नवमीं एवं दसवीं के बच्चों को जेईई , नीट हेतु आधार बनाने हेतु मैथ्स एवं साइंस के विषय विशेषज्ञों जिसमें अमान सिद्दिकी सर (12 वर्षो का अनुभव) मनीष देवांगन सर (5 वर्षो का अनुभव )दक्षा जोबनपुत्रा मैम (7 वर्षो का अनुभव ) स्वप्निल तिवारी मैम ( 8 वर्षो का अनुभव) प्रियांश सोनी सर (5 वर्षो का अनुभव )की देखरेख में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु बेसिक फाउंडेशन कोर्स कराया जायेगा। इन प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ ही शाला में फिजिकल एजुकेशन डा. विकास वैष्णव तथा योगेश चौहान सर , अंग्रेजी हेतु निधि शुक्ला तथा मनीषा शर्मा मैम, हिन्दी विषय हेतु स्मिता भारद्वाज तथा गीता वैष्णव मैम, सामाजिक विज्ञान हेतु सुष्मिता मंडल मैम तथा कम्प्यूटर हेतु शुभांशी शर्मा व मेघा रक्टाटे मैम द्वारा ली जाती है । एनबीआईएस में आधुनिकता को देखते हुए शारीरिक तथा मानसिक रुप से बच्चों के समग्र विकास के लिए नवीन इंडोर खेलों की व्यवस्था की गयी है। ग्यारह एकड़ के शाला परिसर में नये दो बैडमिंटन कोर्ट , बास्केटबाल कोर्ट, हैंडबाल, दो व्हालीबाल कोर्ट, दो टेबल टेनिस, फूटबॉल, खो-खो, हैंडबॉल, क्रिकेट एवं क्रिकेट के लिए नेट प्रेक्टिस पिच एवं ओपन जिम की स्थापना की गयी है। इंडोर तथा आउटडोर गेम के लिए सर्वसुविधायुक्त मैदान के साथ खेल प्रशिक्षकों की नियुक्ति भी की गयी है। एनबीआईएस की मेस सुविधा को पालकों का अच्छा प्रतिसाद मिला है । बच्चों के गरम, पौष्टिक, ताजा भोजन एवं दूध की प्रशंसा पालकों द्वारा की जाती रही है। जीपीएस एवं कैमरे मॉनिटरिंग सुविधा के साथ बच्चों को बसों से सुरक्षित लाने-लेजाने की व्यवस्था की गई है। दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले छात्रों के लिए शहर में आवासीय परिसर की व्यवस्था भी इस सत्र से की जा रही है । बच्चों के परिणाम से संतुष्ट शाला द्वारा इस नये सत्र से कक्षा नवमीं व ग्यारहवीं के अस्सी प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों को नये कक्षा में प्रवेश पर प्रवेश शुल्क की सौ प्रतिशत तथा अस्सी तथा अस्सी से कम अंक प्राप्त छात्रों को प्रवेश पर पचास प्रतिशत की छूट प्रदान जा रही है । नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल-बोरी (96914-07311) में नये सत्र 2024-25 में पालको के विशेष आग्रह पर डोंगरगाँव तथा डोंगरगढ़ से बोरी स्कूल हेतु सीधे बस की सुविधा दी जा रही है । समय और आधुनिकता को ध्यान में रखते हुए एनबीआईएस का उद्देश्य बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा प्रदान कराना है।

17 वीं पुण्यतिथि











श्रीमती लक्ष्मी बाई पांडे

पुण्य स्मरण

निधन 23 मई 2007

दैनिक नांदगांव टाइम्स परिवार, राजनांदगांव

# किसान ने बोर कराया पानी नसीब नही

## बोर में पर्याप्त पानी आने पर किसान की बोर को सरपंच ने शासकीय बता कब्जा किया, विधायक,एसपी, कलेक्टर और एस डी एम को लिखित फरियाद की जा चुकी

### बोर वापस नही मिली किसान की हार्ट अटैक में मौत, सरपंच ने कहा निष्पक्ष जांच हो

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला मुख्यालय से 11 किलो मीटर दूर ग्राम किरगी (ब) में किसान ने अपने खेत में बोर खनन कराया। बोर में पर्याप्त पानी आने के बाद सरपंच, उपसरपंच सहित पंचों ने उक्त बोर को शासकीय जमीन पर बताकर कब्जा कर लिया । किसान ने बोर वापस पाने क्षेत्रीय विधायक दलेश्वर साहू, कलेक्टर संजय अग्रवाल एसपी मोहित गर्ग , और एसडीएम मनोज कुमार मरकाम से गुहार लगाती रही। लेकिन किसान को बोर वापस नहीं मिली तो हार्ट अटैक से उनका 2 जून को निधन हो गया। घटना के पूरे मामले को लेकर मृतक किसान लतखोर साहू पिता रामप्रसाद साहू 81 वर्ष के पोता टिकेश्वर एवं फानेश्वर साहू ने बताया कि अपने कृषि भूमि खसरा नं. 2/3 रकबा 0.86 एकड़ पर अपने खेत में मेड़ पर 27 मार्च 2024 को बोर खनन कराया लगभग 252 फीर खनन होने पर पर्याप्त पानी आ गया बोर खनन करने पर किसान ने 47,480 रुपये खर्च किया सब मर्सिबल पंप भी लगा दिया लेकिन किसान को सरपंच टीकम साहू, उपसरपंच मामेश साहू पंचगण योगेश निषाद, रुमेश्वर साहू एवं ग्राम पटेल दुलारू निषाद ने दबाव बनाकर बोर की जबरन कब्जा कर लिया। मृतक किसान ने इन लोगों पर एसपी से उचित जांच करने की माँग करते हुए लालबाग थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने पर किसान हताश एवं परेशान होने लगा और 2 जून को अचानक हार्ट अटैक आने से मृत्यु हो गई।

**पीड़ित किसान के पोतों ने कलेक्टर एवं एसडीएम से बोर वापस दिलाने गुहार लगाई**

किरगी (ब) के मृतक लतखोर साहू के पीड़ित पोतों फनेस्वर कुमार साहू टिकेश्वर साहू ने अपने बोर को पाने एसडीएम मनोज कुमार मरकाम कलेक्टर संजय अग्रवाल से लिखित आवेदन देकर गुहार लगाई है जबरन बोर को



कब्जा करने से उनकी गर्मी की धान की फसल 75 प्रतिशत बर्बाद हो गया सरपंच की मनमानी के चलते उनके नाना की असमय मृत्यु हो गई जिसके लिए उन सभी लोगों को जिम्मेदार ठहराया है।

**सरपंच एवं पंचों के पर शासकीय जमीन हड़पने का आरोप**

ग्राम किरगी (ब) के सरपंच टीकम साहू एवं पंचो पर ही मृतक के पोतों टिकेश्वर एवं फानेश्वर साहू ने शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा का आरोप लगाया है। सरपंच द्वारा अपने घर के सामने बहुत बड़े सरकारी जमीन को कब्जा किया है जिसमें अपने जेसीबी, टेस्टर एवं हार्वेस्टर को रखा जाता है। साथ ही सरकारी जमीन को खेत बनाकर 10-12 वर्ष से अवैध तरीके से धान, सरपंच ने पैरी नदी से अवैध रेत निकाल कर अपने घर के सामने अवैध जमीन पर डंप करके रखा जाता है। वहीं उपसरपंच मामेश साहू पर भी सरकारी जमीन को कब्जा कर खेत बनाने का आरोप टिकेश्वर एवं फानेश्वर साहू द्वारा लगाया गया पंच रुमेश्वर साहू ने सरकारी जगह में गोदाम बनाया पंच के पिता तालुक राम साहू जो की शासकीय कर्मचारी है बी पी एल कार्ड बनाकर राशन ले रहे है। इसके अलावा भूतपूर्व उपसरपंच भूपेन्द्र साहू अपने घर के सामने सरकारी जमीन को कब्जा कर बाऊण्डीवाल कर लिया है। पंच रेवती साहू पति भुनेश्वर साहू भी नदी किनारे शासकीय जमीन पर बोर खनन करने का आरोप लगाया गया। इसके बारे में ग्राम किरगी ब के सरपंच टीकम साहू ने कहा कि गांव के शासकीय जमीन पर मृतक द्वारा बोर खनन किया गया। जिसे ग्राम पंचायत के सुपुर्दगी में रखकर बोर की देखरेख की जा रही है वर्तमान में बोर बंद है। पाईप लाईन अधूरी है। इसकी जानकारी पीएचई विभाग को दी जा चुकी है बोर खनन पर निष्पक्ष जाँच होनी चाहिए जो भी दोषी हो उस पर कड़ी कार्यवाई होनी चाहिए। एमडीएम मनोज कुमार मरकाम ने कहा कि बोर खनन के मामले में कुछ दिन पहले लिखित हुई है कार्यालय में किसान द्वारा फरियाद किया गया हो तो निष्पक्ष जाँच थीघ्र होगी साथ ही हल्का पटवारी को निर्देशित कर बोर खनन जगह को मौके निरीक्षण कर जांच किया जाएगा।

## पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेकर समर कैंप में बच्चों ने तैयार किए सीड बॉल

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पारीखुर्द,संकुल भर्रेगांव,विकासखंड राजनांदगांव में समर कैंप के



तीसरे दिन 22 मई 2024 को बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से सीड बॉल तैयार किए।मिट्टी, खाद तथा भिन्न-भिन्न प्रकार के बीजों द्वारा बच्चों ने बहुत ही उत्साह के साथ शिक्षकों के मार्गदर्शन में सीड बॉल तैयार किया और संकल्प लिया कि वे इसमें पर्यावरण संरक्षण में योगदान अवश्य देंगे। साथ ही साथ पाक कला के अंतर्गत बच्चों व शिक्षकों ने मिलकर इटली व चटनी बनाया और सभी ने इसका लुफ्त उठाया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख एस.के. सेवता, शिक्षिका सुश्री पुष्पलता देवांगन एवं पूर्व छात्राएं रमा साहू,खिलेश्वरी साहू, स्वीपर ललिता निषाद व बच्चे उपस्थित रहे।

## कड़कती गर्मी से राहत पाने योग वेदांत सेवा समिति ने किया आंवले शरबत का वितरण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** गर्मी के प्रकोप से बचने व शीतलता प्रदान करने के उद्देश्य से पूज्य संत श्री आशारामजी बापू की




संस्था श्री योग वेदांत सेवा समिति राजनांदगांव द्वारा पित्तशामक व ऊर्जावर्धक ठंडे आंवला शरबत का वितरण किया गया । कड़कती गर्मी से राहत पाने राहगीरों ने ठंडे आंवला शरबत का लुफ्त उठाया । आयुर्वेद में आंवले की बड़ी महिमा बतायी है

संस्था के अध्यक्ष रोहित चंद्रकार व कोषाध्यक्ष टीके चंद्रकार ने बताया कि पूज्य बापूजी की प्रेरणा से ग्रीष्म ऋतु में राहगीरों को राहत पहुंचाने हेतु हमारी संस्था अनेक स्थानों में शरबत वितरण कर रही है इसी कड़ी में आज पुराने हॉस्पिटल के सामने आंवला शरबत लोगो को पिलाया जा रहा है । आयुर्वेद में आंवले की बड़ी भारी महिमा है । इसमे प्रचुर मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है । आँवला शरबत के नियमित सेवन से नेत्रज्योति व वीर्यवर्धक, त्रिदोषशामक, दाहनाशक के साथ चेहरे की कान्ति बढ़ती है । आँवला शरबत दीर्घायु, स्फूर्ति, ताजगी तथा यौवन प्रदाता है । आँवला शरबत पाचनतंत्र को मजबूती तथा हृदय व मस्तिष्क को शक्ति देने वाला है । गर्मी की वजह ससे होने वाले आँखों व पेशाब की जलन, अम्लपित्त, श्वेतप्रदर, रक्तप्रदर, बवासीर आदि में लाभदायी है । इसके नियमित सेवन से हड्डियाँ, दाँत व बालों की जड़ें मजबूत एवं बालों को काला बनाता है । जब किसी मरीज को बुखार होता है, तो आँवले के रस का सेवन करने से वह मरीज कमजोर नहीं पड़ता है ।



## महापौर हेमा एवं पूर्व महापौर मधुसूदन यादव निगम की दुकानों के करोड़ो रूपयों के भष्ट्राचार के मामले में अपनी चुप्पी तत्काल तोड़े- ओस्तवाल

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर की जन-जन की आवाज एवं पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने एक पत्र के माध्यम से वर्तमान निगम की महापौर श्रीमती हेंमादेशमुख एवं पूर्व महापौर श्री मधुसूदन यादव जी से यह कहा कि, जिस- तरह देश का कानून आम- जनता से टेक्स वसुली के लिए तो कड़े नियम कानून का हवाला देकर आम- जनता से सम्पत्ति कर, जल कर, समेकित कर आदि वसुली के लिए विधि की जिन- धाराओं का उपयोग आप लोगों के द्वारा कानून का हवाला देकर नल कनेक्शन काटकर एवं मकान कुडकी की धाराओं का उपयोग करके वसुली की जाती है अब उतनी ही हिम्मत नगर निगम के पाँचों नये शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की जिन- जिन दुकानों की नीलामी के पश्चात् शासन के नीलामी शर्तो के नियमानुसार जो प्रीमियम राशि किराये की राशि किरायेदार से अनुबंध के पूर्व मुद्राक शुल्क जमा जो नहीं करवाया गया और उक्त किरायेदारों से निगम आयुक्त का अनुबंध जो समय सीमा में नहीं कराकर राज्य शासन और नगर निगम को राजनांदगांव के आर्थिक कोष को जो लाखों



करोड़ो रूपयें के वित्तीय हानि पहुँचाकर भष्ट्राचार का खेल जो खेला गया है ?अगर जरा भी नैतिकता और ईमानदारी आपके जहन में है तो आम जनता और शासन के हितों के लिए पूर्व महापौर नरेश डाकलिया के कार्य काल - मधुसूदन यादव के कार्यकाल एवं वर्तमान महापौर श्रीमति हेमा देशमुख के कार्य काल में दुकानों की जो नीलामी हुई और उसमें जो भष्ट्राचार किराये की राशि एवं प्रीमियम की राशि 1 नंबर वाईट मनी के रूप में लेनी है और जो 2 नंबर की रकम की रसीदे जो निगम के द्वारा कई- दुकानदारों का काटा गया है इस सम्पूर्ण मामले की वरिष्ठ विभाग की जाँच समिति तीस दिवस के अंदर बनवाकर सम्पूर्ण भष्ट्र दोषी अधिकारियों एवं निगम के तात्कालीन आयुक्त से इसकी वसुली के लिए शासन स्तर पर खुलासा करवाये और यदि आप लोगों के द्वारा इस मामले में कोई कार्यावाही नहीं की जाती तो यह समझा जायेगा कि इस भष्ट्राचार के खेल में पूर्व महापौर मधुसूदन यादव और वर्तमान महापौर हेमा देशमुख का हाथ इन भष्ट्र अधिकारियों आदि के ऊपर है ?

## अभिलाषा राजनांदगांव में नवीन प्रबंध कारिणी का गठन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर में संचालित अभिलाषा दिव्यांगजनों के लिए शिक्षण प्रशिक्षण सह पुनर्वास संस्थान राजनांदगांव में प्रति तीन वर्षों में कार्यकारिणी का गठन किया जा रहा है, जिसके तहत कुछ पदाधिकारी नए मनोनित हुए कुछ यथावत पद पर बने रहे। संस्था में सामान्यसभा की बैठक का आयोजन दिनांक 16 मई 2024 को पूर्वान्ह 11.30 बजे संस्था परिसर में करते हुए समस्त पदाधिकारियों का चयन निर्विरोध किया गया। उल्लेखनीय है कि 15 अगस्त 1995 से संचालित संस्था अभिलाषा जहां से अपनी शिक्षा दीक्षा पूर्ण कर चुके बहुतायत बच्चे शासकीय सेवा में अपनी कदम रख चूके हैं तो वहीं दूसरी ओर बहुतायत बच्चे रोजगार से जुड़कर अपना एवं अपने परिवार के सदस्यों का जीवकोपार्जन बहुत ही अच्छे से कर पा रहे हैं। गत् दिनों अभिलाषा में नवीन प्रबंध कारिणी समिति का गठन किया गया जिसमें सर्व सम्मति से गौतम पारख को संरक्षक एवं संतोष कुमार बोदून को अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया। इसी कड़ी समाजसेवी श्रीमती गीता राठौर को उपाध्यक्ष, नगर की होनहार समाज सेवी एवं चाटर्ड एकाउन्टेंट श्रीमती रूपम सोनछत्रा को सचिव, नीरज बाजपेयी को कोषाध्यक्ष, आलोक बिंदल एवं राजेश अग्रवाल को संयुक्त सचिव एवं संतोष खण्डेलवाल एवं सुदामा मोटलानी को वरिष्ठ सदस्य नियुक्त किया गया। इस अवसर पर बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों नें कहा कि जिला पड़ोसी नवीन जिला सहित अपने प्रदेश के दिव्यांगजनों को तन-मन एवं धन से सशक्त बनाना, उनके शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वावलंबन के क्षेत्र में कार्य करना हमारी प्रथम प्राथमिकता होगी । बैठक में डॉ. हेमलता मोहबे, अशोक कोटडिया, प्रकाश सांखला, श्रीमती सोनल बाजपेयी, श्रीमती संध्या खण्डेलवाल, अशोक श्रीवास्तव, संजय जैन श्रीश्रीमाल सहित सदस्य एवं पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा स्टेडियम में क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** दिग्विजय स्टेडियम राजनंदगांव में जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा ग्रीष्मकालीन क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर लगाया गया है। निशुल्क आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में कुल 150 खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षण दो चरणों में कराया जा रहा है। 16 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ियों हेतु सुबह 6:00 से 9:30 बजे तक एवं 16 वर्ष से अधिक आयु के खिलाड़ियों के लिए संध्या 4:00 बजे से 6:30 बजे तक प्रशिक्षण शिविर आयोजित है। सुबह 6:00 से आयोजित प्रात: कालीन प्रशिक्षण शिविर में जूनियर खिलाड़ियों को विशेष प्रशिक्षण देने जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव ने पूर्व रणजी खिलाड़ी अभिषेक तामरेकर की सेवाएं ली है। अभिषेक तामरेकर छत्तीसगढ़ के प्रमुख कोच एवं ट्रेनर माने जाते हैं लगभग एक माह तक श्री ताम्रेकर जिले के खिलाड़ियों को आने वाले समय के लिए उनके सम्मुख आने वाली चुनौतियां हेतु कड़ा प्रशिक्षण दे रहे हैं। ग्रीष्मकालीन अवकाश होने के कारण बहुत बड़ी संख्या में विशेष कर छोटे-छोटे बच्चों में क्रिकेट के प्रति उनके रुझान को देखते हुए जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने छत्तीसगढ़ के प्रमुख अन्य कोचों की सेवाएं भी समय-समय पर ले रहा है। विशेष कर विशेषज्ञ ट्रेनर एवं फिजियो की सहायता भी ऐसोसियेशन इन प्रशिक्षण शिविर में ले रहा है। 5 जून तक जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा ले रहे खिलाड़ियों के लिए विशेष योजना बनाई है। उक्त जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

## उमरवाही सड़क में बने गहरे गढ्ढे पानी से लबालब, राहगीरो के लिए बनी आफत



**जोंधरा ( नांदगांव टाइम्स )।** मानसून अभी छत्तीसगढ़ में आया ही नही है, मानसून आने में अभी 20 से 25 दिनो का वक्त है। पर कल 22 मई को संध्या करीब 8 बजे मौसम ने अचानक करवट बदल ली और तेज ऑधियो के साथ करीब 20 मिनट की जबरदस्त बारिश क्षेत्र के ग्राम गिदर्री, सम्बलपुर, बरबसपुर, उमरवाही बड़गॉव और गोड़लवाही में हो गई। बारिश इतनी तेज थी कि जहॉ भी पानी को भराव के लायक गढ्ढे मिले भर गये । इसी के साथ गुण्डरदेही से उमरवाही मार्ग में भी बने गहरे गढ्ढो पर भी जल भराव हो गया। पूरा दिन राहगीरो के लिए इस मार्ग में गुजरना मुसीबत को आमंत्रण देना ही रहा, चूँकि गढ्ढों में पानी भर जाने से दो पहिया वाहन चालको को ये अनुमान लगा पाना मुश्किल हो रहा था कि आखिर इन सड़को पर बने गढ्ढो की गहराई कितनी है। पी.डब्ल्यू.डी. मार्ग:- गुण्डरदेही से उमरवाही, पी.डब्ल्यू.डी. मार्ग में आता है बावजूद इसके इस मार्ग की स्थिति अत्यन्त ही दयनीय है,। गुण्डरदेही से उमरवाही कुल 12 किलोमीटर का मार्ग कई जगहो पर क्षतिग्रस्त हो गया है । रास्ते मे जगह जगह गिट्टियॉ बोल्डर उखड़े हुए है । वही कई जगहो पर गहरे गढ्ढे बन चुके है जो जानलेवा भी साबित हो रहें है। अब से एक दिन पूर्व ही गिदर्री के 24 वर्षीय युवा एवं सम्बलपुर के 24 वर्षीय युवाओ ने इसी मार्ग में अपनी जान गंवा दी थी फिर भी अब तक विभाग द्वारा इस मार्ग में मेंटनेंस का भी कार्य प्रारम्भ नही किया जाना आश्चर्य है। आंदोलन की बन रही रणनीति:- आचार संहिता समाप्त होने के पश्चात् सड़क की दयनीय स्थिति को देखते हुए क्षेत्रीय ग्रामीण आंदोलन के लिये लामबंद होते जा रहे है। चूँकि एक जुलाई से शालाओ के पट खुल जायेगे और देश के नन्हे भविष्यो को हाईस्कूल और हायर सेकेण्डी अध्ययन के लिए इसी मार्ग से ही गुजरना है, जो उनके लिये टेढ़ी खीर होगी। बारिश में बन जाता है नाला:- सड़क की हालत इतनी जर्जर है कि बारिश होने पर पानी सड़को के बीचो-बीच बहता है, ग्राम बरबसपुर के पास तो बीच सड़क पर आधा किलोमीटर तक पानी भरा रहता है वही उमरवाही के समीप करीब एक किलोमीटर तक बीच सडक मे पानी नाले के रुप मे ही बहता रहता है। क्षेत्रीय ग्रामीण व समाजसेवी लक्ष्मीचंद जैन, सरपंच गौरी बेंगम उमरवाही, बड़गॉव सरपंच रोहित नेताम, गोड़लवाही संरपच गोपाल मालती भुआर्य, बरबसपुर सरपंच रुपेशकुमार साहू, मासुलकसा संरपच सुखराम रावटे, पूर्व संरपच पन्चुराम पटौति मासुलकसा, गिदर्री संरपच चन्द्रकला चैरे, जवानटोला संरपच शैलाबाई भुआर्य एवं पत्रकार राजेश मेंश्राम आदि ने जिलाधीश से चार जून से पूर्व ही सड़क मरम्मत की मांग की है।



**शुभांक**

**1-3-9**

**133-7 118-0**

**भाग्यांक**

**480-2 140-5**

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैं सिद्धार्थ कोठारी आ. श्री शंकर सिंह कोठारी निवासी वार्ड नं. 30, सनसिटी, कंचनबाग, राजनांदगाँव 491441 (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम सिद्धार्थ सिंह कोठारी आ. श्री शंकर सिंह कोठारी रख लिया हूं। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम सिद्धार्थ सिंह कोठारी पिता श्री शंकर सिंह कोठारी के नाम से ही जाना पहचाना जावे।

**सिद्धार्थ सिंह कोठारी**
**वार्ड नं. 30, सनसिटी**
**कंचनबाग, राजनांदगाँव**
**491441 ( छ.ग. )**

## ज्ञान मंथन

*1) हिन्दूशाही शासकों की राजधानी कहां थी?*
*2) देश का पहला स्किल इंडिया सेंटर का उद्घाटन किस राज्य में किया गया?*
*3) 2024 के अनुसार, विश्व में सबसे अमीर शहर किसे घोषित किया गया है?*
*4) हाल ही में वेस्ट नाइल बुखार के मामले किस भारतीय राज्य में पाए गए है?*
*5) हाल ही मालती जोशी का निधन हुआ है वे कौन थी?*

RamaQuiz (Pappu Ganesh )



## उत्तर माला

(1) उद्भांडपुर (2) ओडिशा (3) न्यूयॉर्क (4) केरल (5) लेखिका

# मतगणना कार्य को सुचारु रूप से संपन्न करने के लिए दिया गया प्रशिक्षण



**मोहला ( नांदगांव टाइम्स )।** लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 06 राजनांदगाव के अंतर्गत विधानसभा मोहला मानपुर के मतों की गणना 4 जून को शासकीय नवीन श्याम लाल शाह महाविद्यालय में किया जायेगा। मतों की गणना के संबंध में आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में गणना अभिकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजेंद्र सिंह पाटले ने बताया कि मतों की गणना सर्वप्रथम डाक मतपत्र की गणना से किया जायेगा। उन्होंने बताया कि अभ्यार्थियों एवं गणना अभिकर्ताओं की उपस्थिति में मतों की गणना का कार्य संपन्न कराया जायेगा। बताया गया कि राजनीतीक दलों के गणना अभिकर्ता अपने निर्धारित टेबल पर ही बैठकर गणना की प्रक्रिया को देख सकेंगे। वह किसी अन्य टेबल और अन्यत्र स्थान पर भ्रमण नहीं कर सकेंगे। प्रशिक्षण में बताया गया कि गणना प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शीता पूर्वक किया जायेगा। प्रशिक्षण में बताया गया कि गणना की पूरी प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग एवं सीसीटीवी से निगरानी रखी जाएगी। गणना कक्ष में कोई भी अभ्यर्थी या गणना अभिकर्ता मोबाइल लेकर प्रवेश नहीं कर सकेंगे। विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मतों की गणना के लिए 14 टेबल लगायें गयें हैं। 17 राउंड में मतों की गणना की जायेगी। प्रशिक्षण प्रभारी श्री धर्मेन्द्र सारस्वत ने गणना अभिकर्ताओं को विस्तृत प्रशिक्षण देते हुए गणना से संबंधित सभी बारीकियां की जानकारी दी। डाकमत पत्र एवं कंट्रोल यूनिट से गणना के संबंध में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में कहा गया कि गणना निर्वाचन का यह अंतिम चरण है, सभी से सहभागिता की अपेक्षा की जाती है। गणना के दौरान पारदर्शिता का पूरा ख्याल रखा जायेगा। गणना के दौरान पुरी पारदर्शिता व गोपनीयता बनाया जायेगा। इस दौरान एसडीएम मोहला श्री हेमेन्द्र भुआर्य, एसडीएम मानपुर श्री अमित नाथ योगी, डिप्टी कलेक्टर श्री अविनाश ठाकुर सहित सभी गणना अभिकर्तागण उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आकर्षक चित्र बनाया

## पार्रीखुर्द मे समर कैंप के दूसरे दिन बच्चों ने सीखी चित्रकारी की बारीकियाँ





**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पार्रीखुर्द,संकुल भर्रेगाँव वि.सं.- राजनांदगाँव मे 20 मई से संचालित समर कैंप के दूसरे दिन 21 मई 2024 को बच्चों ने ड्राइंग व पेंटिंग की गतिविधि की। ड्राइंग व पेंटिंग में कुशल शाला के पूर्व छात्र कौशल कुमार साहू, प्रभात कुमार पटेल व ओम प्रकाश पटेल को विशेष रूप आमंत्रित किया गया जिन्होंने बच्चों को चित्रकारी की बारीकिया बहुत अच्छे से सिखाई। बच्चों ने बहुत ही ध्यानपूर्वक सीखने का प्रयास किया व रंग-बिरंगे चित्रों का प्रदर्शन किया। कौशल कुमार साहू द्वारा बनाया माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन श्री विष्णुदेव साय जी का चित्र विशेष आकर्षण का केंद्र रही। जिसकी उपस्थित सभी ने आत्मीय सराहना की। समर कैंप के दूसरे दिन ग्राम प्रमुख बुद्धेश्वर साहू, संस्था प्रमुख शिव कुमार सेवता, भर्रेगॉव व्याख्याता नूतन कुमार साहू, शिक्षिका पुष्पलता देवांगन,दिनेश कुमार चंद्राकर व बच्चे उपस्थित रहे।

## सीएम योगीडॉ.कानडे बुद्ध जयंती पर होगें मुख्य अतिथि



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ऑल इंडिया बौद्ध लिब्रेरेशन मुव्हमेंन्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा विश्व बौद्ध संघ नई दिल्ली के संस्थापक डॉ. आर एल. कानडे कल दिनांक 23.05.2024 को बुद्ध जयंती के शुभ अवसर पर कोर्राम टोला अम्बागढ़ चौकी तथा दिनांक 26.05.2024 को आमगाँव भोथली में मुख्यअतिथि के आसंदी से महती सभा को सम्बोधित करेगें। उल्लेखनीय है कि, समुचे राष्ट्र में बौद्धों को आपने धार्मिक अल्पसंख्यक का दर्जा दिलाया है।

## अवैध शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार

**रायपुर।** राखी पुलिस ने सतनाम चौक नवा रायपुर में अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि सतनाम चौक में एक युवक अवैध शराब बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पपुलिस ने आरोपी हिरावन तारक 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 31 पाव देशी शराब जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# कवर्धा सड़क हादसे पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने विधायक भावना बोहरा और कलेक्टर से की बात

**09 प्रदेश सरकार इस दुर्घटना के पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है, दिवंगतों के परिजन और घायलों को हर संभव मदद उपलब्ध करवाना हमारी प्राथमिकता है : डॉ रमन सिंह**

**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** गत सोमवार को कवर्धा जिले में पिक-अप गाड़ी के हादसे से प्रदेश में शोक का वातावरण रहा, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह समेत छत्तीसगढ़ सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस हादसे पर संवेदनाएं प्रकट की थी। कुकदूर थाना क्षेत्र, पंडरिया विधानसभा में हुए इस भीषण हादसे को गंभीरता से लेकर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने क्षेत्रीय पंडरिया विधायक भावना बोहरा से फ़ोन पर बात की, इसके साथ ही परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए परिवार की स्थिति की जानकारी भी प्राप्त की। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने इस पूरे मामले पर जिले के कलेक्टर जन्मेजय महोबे से बात कर इस घटना की विस्तृत जानकारी ली और भविष्य में ऐसे हादसों को किस प्रकार रोका जा सके इस विषय पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए हैं प्रदेश सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ दिवंगतों के परिजनों और घायलों के साथ है, इस दुर्घटना से प्रभावित सभी लोगों को हर संभव सहायता की जाएगी : डॉ रमन सिंह अध्यक्ष, छ:ग विधानसभा छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में सड़क हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को प्रदेश सरकार ने 5-5 लाख रुपए की सहायता राशि देने का ऐलान कर दिया है। इसके साथ ही सभी घायलों को 50 हजार रुपए देने की बात भी कही है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने इस दुर्घटना से प्रभावित हर परिवार को करते हुए कहा है कि क्षेत्रीय विधायक भावना बोहरा, जिला प्रशासन और प्रदेश सरकार समेत पूरी व्यवस्था इस हादसे पर गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ हादसे के पीड़ितों के साथ है और इस दुर्घटना से प्रभावित एक-एक व्यक्ति तक हर संभव सहायता सुनिश्चित की जाएगी।

# अंकित गर्ग समाज सेवक संघ के दुर्ग संभाग के अध्यक्ष एवं प्रकाश यादव, सिंगारपुर-गोपालपुर-फत्तेपुर गांवों के अध्यक्ष बनें







**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सामाज सेवक संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष समाज सेविका सिविल ईंजी. कु. स्वाति देवांगन ने खैरागढ़ निवासी सामाज सेवी श्री अमित गर्ग को दुर्ग संभाग के अध्यक्ष एवं प्रकाश यादव को सिंगारपुर-गोपालपुर-फत्तेपुर गांवों का अध्यक्ष नियुक्त किया है। दुर्ग संभाग के नव-नियुक्त अध्यक्ष श्री अंकित गर्ग, खैरागढ़ के युवा व्यवसायी हैं। श्री गर्ग अग्रवाल सामाज एवं भाजपा के युवा मोर्चा के भी पदाधिकारी हैं। खैरागढ़ के सभी लोग उनसे एवं उनक ी सामाजिक गतिविधियों से परिचित हैं। अंकित एवं प्रकाश की नियुक्ति पर उन्हें राजनांदगांव की नगर अध्यक्ष कु. रेवती साहू, मुंदगांव की अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती वर्मा, नवांगांव मुढ़ीपार के अध्यक्ष अमित पटेल, अश्विनि पटेल, सुरगी के अध्यक्ष तामेश्वर साहू, कोटरासरार क ी अध्यक्ष ममता मैथिल, अमलीडीह के अध्यक्ष गिरीश साहू, इंदामरा क ी अध्यक्ष कु. रूपा कं वर, डोंगरगांव की अध्यक्ष कु. रोहिणी पटेल, सिंघोला की अध्यक्ष कु. पायल यादव, ककरेल के अध्यक्ष महेन्द्र बघेल, रीवागहन के अध्यक्ष मोतीलाल रावटे, घोरदा के अध्यक्ष मनोज भट्टाचार्य, तुमड़ीलेवा की अध्यक्ष बबीता लहरे, फरहद (सोमनी) के अध्यक्ष विजय निषाद, पारीकला के अध्यक्ष आकाश यादव, भाठागांव के अध्यक्ष दिनेश पटेल, के.सी.जी. जिले के अध्यक्ष खुलेन्द्र साहू, बोरी के अध्यक्ष चंद्रहास देवांगन, गठुला के अध्यक्ष हर्ष साहू, चवेली की अध्यक्ष यमला साहू, पदुमतरा की अध्यक्ष कु. चंचल साहू, तिलई के अध्यक्ष भूषण लाल देवांगन, परसाडीह (सुरेगांव) के अध्यक्ष अजय श्रीवास, डोगरगांव के अध्यक्ष ओमकार कंवर, जेवरतला की अध्यक्ष हेमलता ठाकु र, खपरीखुर्द के अध्यक्ष शिवानंद महोबिया आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## गांजा के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** टिकरापारा एवं मंदिरहसौद पुलिस के टीम ने अवैध गांजा के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 14 किलो 524 ग्राम गांजा जब्त किया है। टिकरापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भाठागांव बस स्टेण्ड के पास आरोपी टुनू गाकड़ी 19 वर्ष के पास से 7 किलो 500 ग्राम गांजा जब्त किया है। वहीं मंदिरहसौद पुलिस ने शहर के चौक के पास बाइक सवार आरोपी शेख आसीख 33 वर्ष व शेख आबिर 20 वर्ष के पास से बैग में रखे 7 किलो 24 ग्राम गांजा जब्त किया है।

## निधन

**प्रवीण कुमार साव**



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सीनियर कर्मचारी व सुपरवाइजर व छग प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के संभागीय सचिव प्रवीण कुमार साव का आकस्मिक निधन 22 मई को दोपहर 3 बजे रायपुर अस्पताल में हो गया है प्रवीण कुमार साव का अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम संबलपुर करमतरा में 23 मई को सुबह 10 बजे किया जाएगा साव जी के दो पुत्र हैं एक बड़े पुत्र बैंक में दुसरे अध्यनरत है।

# गिट्टी से भरा तीन हाईवा को अवैध परिवहन करते हुए डोंगरगांव तहसीलदार ने जप्त किया

## अवैध पेड़ कटाई पर एक ट्रैक्टर लकड़ी जप्त, क्षेत्र में अवैध रेत और मुरम उत्खनन पर भी होगी कार्रवाई





**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगांव क्षेत्र में लंबे समय से बिना रॉयल्टी पर्ची के गिट्टी परिवहन किया जा रहा था जिस पर डोंगरगांव एसडीएम मनोज कुमार मरकाम के निर्देश पर तहसीलदार प्यारे लाल नाग ने कार्रवाई करते हुए मोहड़ चौक के तिराहे रास्ते पर कार्यवाही करते हुए तीन हाईवे गिट्टी से भरा हुआ जो बिना रायल्टी पर्ची के अवैध परिवहन कर रहा था जिसे तहसीलदार राजस्व विभाग की टीम और पुलिस विभाग की टीम द्वारा घेराबंदी करते हुए रात्रि 12:00 बजे के बाद तीनों गाड़ीयो को जप्त किया गया है जप्त की कार्रवाई के बाद तीनों गाड़ियों को थाना में खड़ा किया गया है जप्त की कार्रवाई में हाईवा गाड़ी क्रमांक cg08 ए वाई 5227 cg08 ए डब्लू 0 935 cg08 ए क्यू 8847 की हाईवा गाड़ी को जप्त बनाई गई है डोंगरगांव क्षेत्र में अवैध रेत और मुरम उत्खनन हो रहा है जिस पर एसडीएम मनोज कुमार मरकाम ने शीघ्र ही अवैध उत्खनन करने वाले पर भी कार्रवाई की जाएगी कार्यवाही करने के लिए राजस्व विभाग की टीम तैयार की जा रही है जो नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध उत्खनन परिवहन भंडारण करने वालों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी आज की कार्रवाई के दौरान तहसीलदार प्यारे लाल नाग ने बताया है जो हाईवा गिट्टी से भरा है वह तीनों गाड़ियां ठेलकाडीह से मानपुर बिना रायल्टी पर्ची के जा रहा था जो हाईवा गाड़ी मालिक दिनेश सिंह ठाकुर का बताया गया है इनके अलावा डोंगरगांव के क्षेत्र में हरे भरे वृक्षों की धड़ल्ले से कटाई करने वाले पर भी कार्रवाई की गई है जिस पर तहसीलदार ने एक ट्रैक्टर लकड़ी हर्राटोला से कुमरदा ले जा रहा था जिसे जप्त की कार्रवाई की गई है।

## आज नल देर से खुलेगा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर पालिक निगम, राजनांदगांव क्षेत्रांतर्गत मोहारा स्थित एअरवाल्व अज्ञात वाहन से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया है। वाल्व मरम्मत कार्य किया जा रहा है। 27 एमएलडी प्लांट मरम्मत तक बंद किए जाने हेतु गुरुवार दिनांक 23.05.2024 को कुछ क्षेत्रों में सुबह के समय जल प्रदाय 1-2 घंटे विलंब से होगा। प्रभावित वार्ड:- गौरीनगर, रायपुर नाका, जी.ई. रोड़, कामठी लाईन, गुड़ाखू लाईन, जूनी हटरी, जय स्तम्भ रोड़, कलारपारा, सिनेमा लाईन, गोलबाजार, पुराना अस्पताल रोड़, सदर लाईन आधा क्षेत्र, स्टेशनपारा वार्ड नं. 11,12, गंज लाईन, आरामशीन रोड़, स्टेट बैक कालोनी, पी.एच.ई. कार्यालय, टांकाघर, पुराना सिविल लाईन, बल्देव बाग, स्टेशनपारा, चिखली क्षेत्र, नेहरू नगर, जमातपारा, आजाद चैक, रेल्वे स्टेशन रोड़, लखोली, संतोषी नगर, चक्कीपारा, दुर्गाचैक लखोली, संजय नगर, लखोली नाका एरिया, कन्हारपुरी संपूर्ण क्षेत्र, सनसिटी एरिया।

## धर्म समाचार....

# इस दिन से शुरू होगा ज्येष्ठ माह, जानें क्या करें और क्या न करे?




धार्मिक मान्यता है कि ज्येष्ठ माह संकटमोचन हनुमान जी की मुलाकात भगवान श्रीराम से हुई थी। इसलिए इस माह में पड़ने वाले मंगलवार को व्रत करने से जातक को शुभ फ्ल की प्राप्ति होती है। इस माह में कुछ कार्यों को करना वर्जित है। इन कार्यों को करने से इंसान को जीवन में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

हिंदू धर्म में ज्येष्ठ महीने का विशेष महत्व है। शास्त्रों की मानें तो ज्येष्ठ महीने के पहले मंगलवार के दिन भगवान श्री राम हनुमान जी से मिले थे। इसलिए इस महीने में पड़ने वाले हर मंगलवार को बड़ा मंगल कहते हैं। मान्यता है कि बड़ा मंगल के दिन हनुमान जी की पूजा और व्रत करने से जातक के सभी दुख-दर्द दूर होते हैं। इस माह में कुछ कार्यों को करना वर्जित है। इन कार्यों को करने से इंसान को जीवन में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। आइए जानते हैं ज्येष्ठ माह में क्या करें और क्या न करें?

**ज्येष्ठ माह में क्या करें ?**

ज्येष्ठ माह में दान को पुण्य के समान माना जाता है। तेज गर्मी में राहगीरों को जल का दान करने से न केवल देवी-देवता प्रसन्न होते हैं बल्कि, पितरों का भी आशीर्वाद प्राप्त होता है। पशु-पक्षियों के लिए पीने के लिए जल रखें। ज्येष्ठ माह में तांबा और तिल का दान करें। मान्यता है कि इन चीजों का दान करने से मंगल दोष से छुटकारा मिलता है। इसके अलावा सत्तू का सेवन हेल्थ के लिए लाभकारी होता है।

**ज्येष्ठ माह में क्या न करें ?**

ज्येष्ठ माह में बड़े बेटे या बेटी की शादी नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से जातक पर बुरा प्रभाव पड़ता है। इस माह में दिन में नहीं सोना चाहिए। इससे इंसान को बीमारी का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा तली भुनी हुई चीजों का सेवन नहीं करना चाहिए। इससे पेट संबंधी परेशानियां सकती हैं। ज्येष्ठ माह में जल की बर्बादी नहीं करनी चाहिए।

**इस दिन से शुरू होगा ज्येष्ठ माह 2024**

पंचांग के अनुसार, इस वर्ष ज्येष्ठ माह की शुरुआत 24 मई 2024 से होगी और इसका समापन 23 जून 2024 को होगा।

**ज्येष्ठ माह का महत्व**

धार्मिक मान्यता है कि ज्येष्ठ माह संकटमोचन हनुमान जी की मुलाकात भगवान श्रीराम से हुई थी। इसलिए इस माह में पड़ने वाले मंगलवार को व्रत करने से जातक को शुभ फ्ल की प्राप्ति होती है और सभी तरह के संकटों से छुटकारा मिलता है।

## 25 मई से 3 जून तक रहेगा नवतपा:सूर्य करेगा रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश, जानिए नवतपा से जुड़ी मान्यताएं और इन दिनों में क्या करें, क्या न करें



शनिवार, 25 मई से नवतपा शुरू हो रहा है, ये सोमवार 3 जून तक रहेगा। 25 मई को सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेगा। इसके साथ ही सूर्य अपने पूरे प्रभाव में आ जाएगा, जिससे गर्मी में बढ़ोतरी होगी। मान्यताओं में इस समय को नवतपा और रोहिणी का तपना भी कहा जाता है। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के मुताबिक, सूर्य जब रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है तो नवतपा शुरू होता है। नवतपा यानी नौ दिनों तक सूर्य का तपना। ज्योतिष में नवतपा को लेकर कई मान्यताएं प्रचलित हैं। किसान इन नौ दिनों के मौसम देखकर को बारिश की भविष्यवाणियां करते हैं। नवतपा में दिन बड़े और रातें छोटी हो जाती हैं।

**जानिए नवतपा से जुड़ी मान्यताएं**- माना जाता है कि नवतपा के दिनों ज्यादा गर्मी पड़ती है तो बारिश अच्छी होती है। नवतपा के दिनों में थोड़ी बहुत बारिश हो जाती है तो इसे अच्छा नहीं माना जाता है। नवतपा को मानसून का गर्भकाल कहा जाता है। नवतपा से पहले अगस्त्य तारा अस्त हो गया है। इस वजह से कुछ ही दिनों में वर्षा ऋतु के लिए वातावरण तैयार हो जाएगा। सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में आने के बाद नौ दिनों तक गर्मी अधिक रहती है, इस कारण जल का वाष्पीकरण तेजी से होता है और नवतपा के बाद बारिश शुरू होती है।

**नवतपा में क्या करें और क्या न करें**- नवतपा में अधिकतर जगहों पर काफी अधिक गर्मी रहती है, लू चलती है। ऐसी स्थिति में गर्मी को लेकर सतर्क रहना चाहिए। दोपहर में धूप में घूमने से बचना चाहिए। अगर धूप में निकलना ज्यादा जरूरी हो तो पानी पीते रहें, ज्यादा देर धूप में खड़े न रहें। मौसमी फ्ल, फ्लों का रस पीते रहें। ऐसे कपड़े पहनें, जिनमें ज्यादा गर्मी न लगती हो। ध्यान रखें शरीर में पानी की कमी न हो और भूखे भी न रहें।




प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, प्रबंध सम्पादक- श्रीमती कल्पना पाण्डे । मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com